है, अतः इस योजना का विस्तार करके राज्य के सभी पिछड़े जिलों में लागू करना सम्भव नहीं है।

औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े जिलों का विकास करने के लिए केन्द्रीय परिवहन राजसहायता योजना सहित केन्द्र द्वारा दी जाने वाली रियायतों एवम् राजसहायता योजनाओं की इस समय योजना आयोग में समीक्षा की जा रही है ताकि वर्ष 1978–83 की पचवर्षीय योजना में पिछड़े हुए क्षेत्रों के विकास के लिए एक नीति तैयार की जा सके।

नैमित्तिक कैमरामैनों की नियुक्ति

*1057 **श्री रीत लाल प्रसाद वर्मा:** क्या **सूचना और प्रसारण** मन्त्री 12 अप्रैल, 1978 के अतारांकित प्रश्न संख्या 6683 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि श्रीनगर, मद्रास और अन्य दूरदर्शन केन्द्रों के नैमित्तिक कैमरामैनों का दिल्ली दूरदर्शन में नियुक्त किया जा रहा है,

(ख) क्या दिल्ली दूरदर्शन में ऐसे अन्य केन्द्रों से नियुक्त कैमरामैनों का उन केन्द्रों को वापिस भेजा जाएगा जहां वे नैमित्तिक कैमरामैनों के रूप में काम कर रहे थे,

(ग) प्रत्येक केन्द्र से कितने नैमित्तिक कर्मचारियों को दिल्ली में नियमित आधार पर नियुक्त किया गया है,

(घ) दिल्ली अमृतसर के संयुक्त पैनल से नैमित्तिक कैमरामैनों को दिल्ली में नियुक्त न करने के क्या कारण है जबकि इनका साक्षात्कार वर्ष 1977 में हुआ था और वे वर्ष 1976–77 मे नैमित्तिक कैमरामैनों के रूप में काम कर रहे है, और

(ङ) इसका औचित्य क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी) (क) अन्य केन्द्रों के नैमित्तिक कैमरामैनों की नित्य चर्या में दिल्ली दूरदर्शन केन्द्र पर नियुक्त नहीं किया जाता। जब दिल्ली दूरदर्शन केन्द्र रिक्तियां विज्ञापित करता है तो ऐसे नैमित्तिक कैमरामैन भी आवेदन करते हैं तथा उनमें से कुछों का चयन भी हो जाता है।

(ख) जी, नहीं। तथापि, कैमरामैनों का देश के किसी भी दूरदर्शन केन्द्र में स्थानान्तरण हो सकता है।

(ग) दूरदर्शन के दिल्ली स्थित केन्द्रों ने कैमरामैनों की उन केन्द्रों में नियमित नियुक्ति के पहले उनकी नैमित्तिक नियुक्तियों का कोई रिकार्ड नहीं रखा है।

(घ) नैमित्तिक नियुक्तियां किसी भी केन्द्र पर नियमित नियुक्ति के लिये कोई अधिकार प्रदान नहीं करती। दिल्ली स्थित केन्द्रों में काम करने वाले नैमित्तिक कैमरामैनों में से जिन्होंने आवेदन किया था तथा जो स्वीकृत हो गए थे, उनको दिल्ली स्थित केन्द्रों द्वारा नियुक्त किया गया है।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता।

सैनिकों के परिवारों का कल्याण

*1058. **श्री हरगोविन्द वर्मा:** क्या रक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि सरकार सैनिकों के परिवारों के कल्याण के लिए एक योजना बना रही है,